बरेली, रविवार
3 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 2.00
पृष्ठ 22+4=26

दैनिक जागरण

Page No : 07 TOP

होनहारों को मिली छात्रवृत्ति, तालियां बजीं, चेहरे खिले

एसआरएमएस ट्रस्ट ने 31 साल पहले 21 हजार रुपये से की थी शुरुआत, शनिवार को बांटी तीन करोड़ की छात्रवृत्ति

जासं, बरेली: छात्रवृत्ति हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरे की मुस्कान बड़ी खास होती है। शनिवार को 800 विद्यार्थियों के चेहरे पर एक साथ ऐसी ही मुस्कान तैर उठी। एमबीबीएस के कई छात्रों को दो लाख रुपये तो कइयों ने हजारों रुपये की स्कालरशिप हासिल की। इस तरह करीब तीन करोड़ रुपये की स्कालरशिप श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के श्रीराममूर्ति शतिक प्रेक्षागृह में एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से बांटी गई। ट्रस्ट ने वर्ष 1990 में 11 लोगों को 21 हजार रुपये देकर इसकी शुरुआत की थी, जो इस वर्ष तीन करोड़ तक जा पहुंची।

पूर्व मंत्री राममूर्ति की 33वीं पुण्यतिथि पर हुआ श्रद्धांजलि समारोह: स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व मंत्री राममूर्ति की 33वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में इटावा घराने के सितार वादक उस्ताद शाकिर खां ने प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। प्रेक्षागृह में चेयरमैन देवमूर्ति ने पिता के चित्र पर पुष्पार्चन किया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती भी मनाई गई।

गांधी व शास्त्री की जयंती पर सितार वादक शाकिर खां को प्रशस्ति पत्र देते आदित्य मूर्ति. महापौर डा. उमेश गौतम व दायीं ओर चेयरमैन देवमूर्ति ● सौ. एसआरएमएस

सर्वश्रेष्ठ कहानीकारों का भी हुआ सम्मान: एसआरएमएस में हुई कहानी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 20 कहानीकारों ने हिस्सा लिया। देहरादून के ब्रिज किशोर को 'कहानी कर भला सो हो भला' के लिए प्रथम पुरस्कार स्वरूप 11 हजार रुपये मिले। निशांत कुमार, शालिनी तिवारी और अभिषेक पांडेय को भी नकद पुरस्कार दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट की 32वीं वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिह्न दिए। इसमें 11 विद्यालयों के 22 छात्रों ने भाग लिया।

ये रहे उपस्थित: श्रद्धांजलि समारोह में महापौर डा. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व महापौर सुभाष पटेल, कर्नल अभय स्वरूप, पूर्व विधायक धोजीपुरा शहजिल इस्लाम, ट्रस्टी आशा मूर्ति, सिबतैन मियां उर्फ शब्बू मियां प्रबंधक खानकाहे नियाजिया, गुरु मेहरोत्रा, ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, प्राचार्य बरेली कालेज अनुराग मोहन भटनागर, डा. अजय शर्मा, डा. वंदना शर्मा, प्राचार्य श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज डा. एसबी गुप्ता, ट्रस्ट एडवाइजर ई. सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स प्रो. प्रभाकर गुप्ता, निदेशक टीडीपी सेल डा. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

शाकिर खां और जयंत कृष्णा को प्रतिभा अलंकरण सम्मान

जासं, बरेली: देश व प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करने वाले सितार वादक शाकिर खां और नीतिकार जयंत कृष्णा को प्रतिभा अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया। जयंत 35 वर्षों से कौशल विकास, आर्थिक एवं क्षेत्रीय सुधारों को संबल दे रहे हैं। उन्होंने दैनिक जागरण से हुई बातचीत के दौरान जिले में आइटी पार्क की शुरुआत को बेहतर कदम बताया। वहीं, तकनीकि फैसलों से जुड़े एक सवाल पर ब्यूरोक्रेसी की जगह को संबंधित विषय विशेषज्ञ लिए जाने को ज्यादा बेहतर कहा। सितार वादक उस्ताद शाकिर खां भी 20 वर्षों से देश व विश्व स्तर पर अपनी कला से नाम रोशन कर रहे हैं।